राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल को 'प्रैक्टिकल ज्योग्राफी' की प्रथम प्रति भेंट

जयपुर, 1 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को गुरुवार को यहां राजभवन में प्रो.आर.एन. मिश्रा तथा डॉ. पी.के. शर्मा ने अपनी पुस्तक 'प्रैक्टिकल ज्योग्राफी' की प्रथम प्रति भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने पुस्तक के लिए लेखक द्वय को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस पुस्तक में प्रायोगिक भूगोल को सरल, रोचक और क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रायोगिक भूगोल के पाठकों के लिए उपयोगी 23 अध्यायों की इस पुस्तक में मानचित्र कला के विकास, मानचित्र, उच्चावच निरूपण, भूगर्भीय मानचित्र, सांख्यिकीय विधियां एवं आंकड़ों के निरूपण आदि की आधारभूत सामग्री को मौसम मानचित्र, स्थलाकृति पत्रक और भौगोलिक सूचना तंत्र आदि के साथ संजोया गया है।

——